# नगर निगम भिलाई में 8 अक्टूबर को प्रधानमंत्री आवास आबंटन की लाटरी

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानों का आबंटन लाटरी पद्धति से निगम सभागार में दिनांक 08.10.2025 को समय 12 बजे किया जाएगा। हितग्राहियों को ''मोर मकान-मोर आस'' एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक से निर्मित मकानों का आबंटन किया जाना है। लाटरी पद्धति में सामान्य वर्ग को अन्य तल (प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय तल) तथा वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजनों को भूतल के मकानों का आबंटन किया जाएगा। हितग्राही आवास विभाग द्वारा दिए गए जमा राशि का पावती एवं आवश्यक दस्तावेज लेकर लाटरी में भाग लेवें।

